हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

मंगलवार, 28 मार्च 2017, बरेली,

एसआरएमएस में सीएमई संपन्न

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेंज में सीएमई का आयोजन किया गया। जनरल मेडिसिन विभाग की ओर से कार्डियोंलॉजी अपडेट विषय पर हुई सीएमअई में यूपी व उत्तराखण्ड के विशेषज्ञ शामिल हुए।

हृदय रोग चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग से सम्बन्धित विभिन्न बीमारियों कोरोनरी आर्टरी डिजीज, हृदयाघात के बारे में बताया। उनके उपचार एवं निदान पर अपने अनुभव एवं इस क्षेत्र में हो रही नित नवीनतम तकनीकों एवं अनुसंधानों के बारे में व्याख्यान भी प्रस्तुत किए गए। इस सीएमई में लगभग 75 से भी अधिक हृदय रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। आयोजक सचिव डा. अमरेश अग्रवाल एवं डा. दीप पन्त ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फोर्टिस एस्कार्ट हास्पिटल, नई दिल्ली की डा. अपर्णा जसवाल ने आपातकालीन चिकित्सा कक्ष में ईसीजी की बारीकियों की जानकारी दी।

सर गंगाराम हास्पिटल के डा. भुवनेश कांडपाल ने बताया कि रोगियों में जोखिम के कौन-कौन से स्तर हो सकते हैं, के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। डा. आर मधोक बताया कि सीटी कार्डियक एंजियोग्राफी के माध्यम से मरीज की जांच बिना किसी तकलीफ के की जाती है तथा भविष्य में इसके महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की।

श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेंज में सीएमई का आयोजन किया।